जालंधर, बुधवार 3 अप्रैल 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



वंदे भारत 24
भारत के मन की बात


**सुविचार**
वक्त और किस्मत पर कभी घमंड मत करना ।। क्योंकि, सुबह उनकी भी होती है जिनके दिन खराब हो।

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# बनाना था APRIL FOOL, लग गई फांसी

## गले में फंदा डालकर फ्रेंड को किया Video कॉल, स्टूल खिसका तो लटका रह गया





**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** मध्यप्रदेश के इंदौर में बड़ी घटना हो गई। 'अप्रैल फूल' बनाने के चक्कर में छात्र की जान चली गई। वीडियो कॉल पर युवक फांसी का फंदा लगाकर अपनी फ्रेंड को 'अप्रैल फूल' बना रहा था। मोबाइल पर बात करते-करते गलती से स्टूल फिसल गया और छात्र फंदे पर ही लटका रह गया। घटना के समय घर में कोई नहीं था। बड़ा भाई देर शाम घर पहुंचा तो उसका भाई फंदे पर लटका मिला। भाई का मोबाइल पास में ही पड़ा था। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल के बाद मामले का खुलासा हुआ। घटना इंदौर के कंडीलपुरा क्षेत्र के कंडीलपुरा की है।

**पुलिस को शक अभिषेक किसी लड़की से बात कर रहा था :** मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक, कंडीलपुरा निवासी अभिषेक रघुवंशी (18) सोमवार को मोबाइल पर किसी को कॉल कर कह रहा था कि वह सुसाइड कर रहा है। बात करते समय अभिषेक ने गले में फंदा लगाया और स्टूल पर खड़ा हो गया।

तभी अचानक स्टूल खिसक गया और अभिषेक के गले में फंदा लग गया। पुलिस को शक है कि जिसे अभिषेक फोन पर जिससे बात कर रहा था, वह कोई लड़की है और उसकी फ्रेंड थी। उसी से 'अप्रैल फूल' का मजाक करते समय यह हादसा हो गया।

### माता-पिता घर पर नहीं थे, भाई गाड़ी बनवाने गया था

जानकारी के मुताबिक, अभिषेक के पिता कैलाश इंदौर कलेक्टर ऑफिस में स्क्रूके ड्राइवर हैं। माता-पिता घर पर नहीं थे। अभिषेक के दो बड़े भाई भी हैं। एक भाई शहर से बाहर रहता है। दूसरा, अपनी बाइक सुधरवाने के लिए बाहर गया था।

जब वह घर आया तो उसने भाई को फंदे पर लटका दिखा। मृतक के भाई की सूचना पर पुलिस ने मुआयना किया है। जिस कमरे में घटना हुई है, उसे पुलिस ने सील कर दिया है। अभिषेक का मोबाइल कमरे में चालू मिला था।

भाई ने जो जानकारी दी है उसके आधार पर पुलिस पॉइंट्स नोट कर आगे की जांच कर रही है।

## जालंधर में सवारियों से भरी बस के साथ दर्दनाक हादसा, मची चीख पुकार




**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** जालंधर से होशियारपुर जा रही प्रिंस ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस नंबर पी.बी. 09-एक्स-9725 आदमपुर के पास पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार में होने के कारण बेकाबू हो गई। इस दौरान बस सीधा सड़क के किनारे बनी गंदे पानी की निकासी की ड्रेन में पलट गई। इस कारण बस में सवार 40-45 यात्रियों को गंभीर चोटें आईं। इस हादसे में जानी नुक्सान से बचाव रहा। मौके से मिली जानकारी के अनुसार प्रिंस ट्रांसपोर्ट कंपनी की यह बस दोपहर 3 बज कर 40 मिनट के करीब जालंधर से होशियारपुर की ओर रवाना हुई। गांव अरजन वाल के पास पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार बस अचानक ब्रेक लगाने के कारण बेकाबू हो गई और सीधा ड्रेन में जा गिरी। गनीमत यह रही कि आगे से आ रही गाड़ियों को बस ने अपनी चपेट में नहीं लिया। हादसे का पता चलते ही एस.एच.ओ. रविंदरपाल सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और बस से सवारियों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। कई सवारियां तो ड्रेन के गंदे पानी से लथपथ हो गई। वहीं इस हादसे के बाद मौके से फरार हो गया।

## 150 फीट गहरी खाई में गिरी श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी, मच गई चीख-पुकार




**जालंधर ( हिमांशु ) :** बीत क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल श्री खुरालगढ़ साहिब से माथा टेककर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरा पिकअप अनियंत्रित होकर 150 फुट गहरी खाई में गिर गया। इस दौरान आधा दर्जन श्रद्धालुओं के चोटें आई है, वह सभी खतरे से बाहर हैं। जानकारी के अनुसार थाना मेहटियाना (होशियारपुर) के गांव हुकड़ां की संगत महिंद्रा पिकअप नंबर पीबी 07 डब्लू/0437 में सवार होकर श्री खुरालगढ़ साहिब से माथा टेक कर लौट रही थी। गाड़ी में बच्चों और महिलाओं सहित 23 लोग सवार थे। गाड़ी को हरबंस लाल ड्राइवर चला रहा था।

इसी दौरान जब गाड़ी खुरालगढ़ से चल कर गढ़ी मानसोवाल वाली की ओर जा थी को गाड़ी अचानक पीछे की ओर चल पड़ी और बेकाबू होकर साथ लगती 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस दौरान बचाव रहा कि गाड़ी पलटी नहीं बल्कि सीधे नीचे चली गई। इस दौरान चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में करीब आधा दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए, जिन्हें निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद होशियारपुर रेफर कर दिया गया।

गौरतलब है कि इस जगह पर मार्च महीने में दूसरी घटना हुई है। बीती 3 मार्च को भी इस जगह पर बस पलटी थी और 15 श्रद्धालु घायल हुए थे। इस जगह बार-बार गाड़ियां पलटने से कई श्रद्धालुओं की मौत भी हो चुकी है और हर 10-15 दिन में इस जगह पर कोई न कोई हादसा होता रहता है। लोगों द्वारा बार-बार प्रशासन और विभाग से मांग की गई पर पुलिस और सिविल प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं सरकी और आज फिर हादसा हो गया।

**आवश्यकता**
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
हमारे साथ जुड़ने के लिए व विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com


HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247






# 8वीं मंजिल से कूदकर मेड ने की खुदकुशी

## परिवार ने कहा- टॉप और जींस फटा, कुछ गलत हुआ है



**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ):** ग्रेटर नोएडा की हाईराइज सोसाइटी में मंगलवार को एक मेड ने ऊंचाई से कूदकर अपनी जान दे दी है। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सोसाइटी में सूइसाइड की खबर फैलने के बाद हड़कंप मच गया।

सूचना मिलने के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस और फरेंसिक टीम पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस टीम जांच में जुट गई है। घटना की जानकारी मृतका के परिजनों को दे दी गई है।

कोतवाली बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी–2 की वीवीआईपी हाउसिंग सोसाइटी में एक मेड (18) ने 8वीं मंजिल से कूद कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के बाद सोसाइटी में सनसनी फैल गई।

मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। बताया जा रहा है कि यह मेड आठवीं मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गई।

घटनास्थल पर मौजूद कुछ लोगों का कहना है कि वह कूदी है और कुछ का कहना है कि वह गिर गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी एंगल को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। घटना में आया नया मोड़ घटना के बाद परिजन और साथ में सोसाइटी में काम करने वाली महिलाओं ने आरोप लगाया था कि उसके मालिक या किसी अन्य ने किशोरी के साथ कुछ गलत किया है। पुलिस ने पूरी सोसाइटी के कैमरे चेक कराए।

इसमें पाया गया कि किशोरी काम करके 8:30 के करीब फ्लैट से बाहर निकली। उसके बाद उसने गार्ड से मोबाइल मांगकर किसी को काल किया था। बात करने के बाद वह 19वीं मंजिल पर जाकर वहां से कूद गयी। चीख और शोर सुनकर निवासी मौके पर पहुंचे।

तब तक किशोरी ने दम तोड़ दिया था। उसकी आंखें और मुंह खुला हुआ था। पूरा शरीर खून से सना हुआ था। मां ने लगाए थे गंभीर आरोप मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

मृतका की मां को भी घटना की सूचना दी गयी। बताया जा रहा है कि उसकी मां भी उसी सोसाइटी में काम करती है। अपनी बेटी को ऐसी हालत में देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गयी। मां ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी ऐसा नहीं कर सकती।

जरूर उसके साथ कुछ गलत हुआ है। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, जिसमें मां गंभीर आरोप लगा रही थी। इस मामले में भी पुलिस ने जांच की, पर अभी पुलिस को कोई ठोस सबूत नहीं मिल पाए हैं। क्या बोले अधिकारी डीसीपी सेन्ट्रल सुनीति ने बताया कि घटना के बाद मां के लगाए आरोपों के आधार पर पूरी बिल्डिंग के सीसीटीवी चेक किये गए हैं।

इसमें सामने आया कि बच्ची ने मरने से पहले सेक्योरिटी गार्ड के फोन लेकर किसी से बात की थी। जिस नंबर से बात की थी, उस युवक का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही मामले का खुलासा हो जायेगा।

## पंजाब की एक महिला IAS देंगी इस्तीफा, BJP में शामिल होकर चुनाव लड़ने की चर्चा




**जालंधर (हर्ष शर्मा):** पंजाब की दो महिला आईएएस अफसर इन दिनों चर्चा में हैं। इनमें से एक इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो सकती हैं। पंजाब सरकार के कार्मिक विभाग के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि तो अवश्य की है कि उनके इस्तीफा देने की चर्चा है लेकिन आज शाम तक यह इस्तीफा विभाग के पास पहुंचा नहीं था।

यह महिला आईएएस अधिकारी जो एक सीनियर अकाली नेता की रिश्तेदार हैं पिछले सात सालों से खुड्डे लाइन पोस्ट पर हैं।

कांग्रेस सरकार ने इनको पूरे पांच साल अहम पद पर नहीं लगाया और न ही आम आदमी पार्टी की सरकार ने ऐसा किया है। अब क्षुब्द होकर उनका आईएएस शिप से इस्तीफा देकर राजनीति में कूदने का विचार है और उनके भाजपा में शामिल होकर चुनाव लड़ने की भी चर्चा है।

### बीजेपी से लड़ सकती हैं चुनाव

दरअसल, जिन सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के पास बड़े चेहरे नहीं हैं। वहां पर पार्टी दूसरी पार्टियों, ब्यूरोक्रेट्स आदि को शामिल करके उन्हें चुनाव मैदान में उतारना चाहती है।

ब्यूरोक्रेट के रूप में तरणजीत सिंह संधू इसकी बड़ी उदाहरण हैं जिन्हें अमृतसर सीट से उतार दिया गया है। संधू, अमेरिका में भारत के राजदूत रहे हैं और हाल ही में रिटायर होकर पंजाब लौटे हैं।

### मालवा की अहम सीट से एक और IAS के चुनाव लड़ने की चर्चा

अब एक और आईएएस अफसर के इस्तीफा देकर मालवा की एक अहम सीट पर लड़ने की चर्चा है। एक दो दिनों में इस पर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। सत्ता के गलियारे में उनके इस्तीफा देने की काफी चर्चा थी और कहा जा रहा था कि वह आज ही इस्तीफा दे देंगी लेकिन शाम तक ऐसा नहीं हुआ। उधर, यूटी चंडीगढ़ में प्रतिनियुक्ति पर गईं आनंदिता मित्रा ने भी एक और साल यूटी में रहने के लिए एक्सटेंशन की मांग की है और यह फाइल मुख्यमंत्री के पास मंजूरी के लिए भेजी गई है। इस फाइल पर आज या कल में हस्ताक्षर हो जाएंगे। आनंदिता मित्रा अगस्त 2021 में यूटी चंडीगढ़ में प्रतिनियुक्ति पर गई थीं और वह इस समय चंडीगढ़ नगर निगम में कमिश्नर के पद पर तैनात हैं।

## तिहाड़ जेल में अरविंद केजरीवाल के पड़ोसी बने आतंकवादी, अंडरवर्ल्ड डॉन, गैंगस्टर



**जालंधर( हिमांशु ):** तिहाड़ की जेल नंबर 2 की एक कोठरी में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पड़ोसियों में अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन, कुख्यात गैंगस्टर नीरज बवाना और आतंकवादी जियाउर रहमान हैं। अब खत्म हो चुकी शराब नीति मामले में आप संयोजक को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद केजरीवाल अगले दो सप्ताह तक तिहाड़ जेल में रहेंगे। छोटा राजन दाऊद इब्राहिम का कट्टर प्रतिद्वंद्वी बनने से पहले कभी उसका करीबी सहयोगी था। नीरज बवाना एक कुख्यात गैंगस्टर है जिसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और जबरन वसूली के 40 से अधिक मामले दर्ज हैं। जियाउर रहमान एक कथित इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) ऑपरेटिव है।



आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247 , 97804-00247



# चटकती गर्मी में अब ठंडी जगह ही आएगी काम

## ये रहे 6 हिल स्टेशन जहां घूमने का आज ही बना रहे हैं लोग प्लान




**भारत सिर्फ घूमने-फिरने और संस्कृति के लिए ही नहीं, बल्कि यहां की खूबसूरत और हरी-भरी वादियां भी कमाल की हैं! गर्मी के मौसम में घूमने के लिए आप चाहे तो नॉर्थ के पहाड़ों पर जा सकते हैं, या फिर साउथ के शानदार बीच पर मस्ती कर सकते हैं, और ईस्ट की तरफ घूमने जाएं तो वहां की विविधता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। भारत में आपको शोर-शराबे वाली शहर की जिंदगी से लेकर शांत और सुकून देने वाली जगहें, और संस्कृति से भरपूर गांव तक, सब कुछ घूमने को मिलेगा। घूमने के शौकीनों के लिए भारत एकदम परफेक्ट जगह है, यहां हर कोने में घूमने की कोई न कोई बेहतरीन जगह जरूर मिलेगी. तो फिर देर किस बात की, इस गर्मी घूमने का प्लान बनाइए वो भी हमारी कुछ बेहतरीन जगहों के साथ!**

## लद्दाख घूमने के लिए जाए



दोस्तों, अगर आप घूमने के शौकीन हैं और थोड़ा बहुत एडवेंचर पसंद करते हैं, तो लद्दाख आपके लिए सपनों की जगह है! इसे 'ऊंचे दर्रों की धरती' भी कहते हैं, ये जगह उन बाइकर्स और ट्रेकर्स की हिट लिस्ट में सबसे ऊपर आती है, जो एडवेंचर के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। ये समंदर तल से लगभग 10,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और कई लोगों के लिए यहां तक पहुंचना काफी मुश्किल होता है। फिर भी, हर साल देश-विदेश से बाइकर्स और घुमक्कड़ यहां दुनिया की सबसे ऊंची सड़क का मजा लेने और लद्दाख रोड ट्रिप के रोमांच का अनुभव लेने आते हैं।

दोस्तों, अगर आप घूमने के शौकीन हैं और थोड़ा बहुत एडवेंचर पसंद करते हैं, तो लद्दाख आपके लिए सपनों की जगह है! इसे 'ऊंचे दर्रों की धरती' भी कहते हैं, ये जगह उन बाइकर्स और ट्रेकर्स की हिट लिस्ट में सबसे ऊपर आती है, जो एडवेंचर के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। ये समंदर तल से लगभग 10,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और कई लोगों के लिए यहां तक पहुंचना काफी मुश्किल होता है। फिर भी, हर साल देश-विदेश से बाइकर्स और घुमक्कड़ यहां दुनिया की सबसे ऊंची सड़क का मजा लेने और लद्दाख रोड ट्रिप के रोमांच का अनुभव लेने आते हैं।


### यहां करने के लिए चीजें

पैंगोंग त्सो झील में कैंपिंग
मठों को एक्सप्लोर करें
स्कर नदी में रिवर राफ्टिंग

## माउंट आबू खूबसूरत जगह


### माउंट आबू में करने के लिए चीजें

नक्की झील में बोटिंग
गुरु शिखर तक ट्रैकिंग
माउंट आबू वाइल्ड लाइफ सैंचुअरी में घूमें
अरावली की पहाड़ियों में कैंपिंग का मज़ा लें



चिलचिलाती गर्मी से दूर भागना चाहते हैं? तो घूमने के लिए राजस्थान के इकलौते हिल स्टेशन माउंट आबू से बेहतर जगह और कोई नहीं हो सकती! आरावली की पहाड़ियों में बसा ये खूबसूरत हिल स्टेशन ना सिर्फ आपको सुकून की सांस लेने देगा बल्कि घूमने-फिरने का भी मज़ा दिलाएगा।

## रानीखेत में घूम लें



रसात में घूमने के लिए भारत में सबसे फेमस जगह है उत्तराखंड का छोटा सा हिल स्टेशन रानीखेत! चारों तरफ से प्राकृतिक खूबसूरती से घिरा हुआ ये हिल स्टेशन अपने लुढ़कती हुई हरी पहाड़ियों, देवदार के जंगलों और भी काफी कुछ समेटे हुए है। रानीखेत को अक्सर क्वीन्स मीडो के नाम से भी जाना जाता है. ये खूबसूरत गांव अंग्रेजों द्वारा बसाया गया था और आज यहां कई सारे छोटे मंदिर और कुमाऊं रेजिमेंट का हेडक्वार्टर भी है।

### यहां करने के लिए चीज़ें

घूमने-फिरने की सैर, मंदिर दर्शन, फोटोग्राफी, ट्रेकिंग

## कश्मीर में घूमें




दोस्तों, गर्मी की छुट्टियों का प्लान बन रहे हैं? तो फिर कश्मीर से बेहतर ऑप्शन और क्या हो सकता है। कश्मीर रंग-बिरंगे ऑर्किड, खुशनुमा मौसम, और शांत डल झील से भरपूर है। यहां घूमने का हर कोना आपको तरोताजा कर देगा।

बर्फ से ढकी चोटियां, डल झील, हॉउसबोट, ऊंचे-ऊंचे चीड़, देवदार और चिनार के पेड़ और घने-गहरे घाटियां कश्मीर की खूबसूरती देखते ही बनती है। इसे धरती पर स्वर्ग के नाम से भी जाना जाता है।

### कश्मीर में करने के लिए चीजें

शिकारा की सवारी
हॉउस बोट पर रहना
गुलमर्ग में स्कीइंग
सोनमर्ग में घुड़सवारी
गोंडोला केबल कार की सवारी

## मनाली में घूम लें



हिमाचल प्रदेश के उत्तरी छोर पर बसे मनाली की खूबसूरती देखते ही दिल खुश हो जाता है। बर्फ से ढके पहाड़, घने जंगल, पहाड़ी इलाके और नदियां- झीलें, यहां सबकुछ है घूमने और मजे करने के लिए। गर्मी की छुट्टियों में घूमने के लिए भारत में सबसे पसंदीदा जगहों में से एक है मनाली। यहां का हसीन नजारा, चारों तरफ हरियाली का रंग और सुहाना मौसम मन को मोह लेता है। देवदार के पेड़ और बर्फ से ढकी चोटियां, ये सब मिलकर मनाली को बनाते हैं घूमने का पूरा पैकेज।

### मनाली में क्या करें


रिवर राफ्टिंग का मजा लें
सोलंग घाटी में पैराग्लाइडिंग
हिमालयन स्की विलेज में स्कीइंग
ट्रैकिंग का लुत्फ उठाएं ?

## दार्जिलिंग जाए घूमने

बात करते हैं घूमने फिरने की, तो भारत के पूर्व में हिमालय की खूबसूरत वादियों और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच बसा है दार्जिलिंग! जिसे बेहद कम ही लोगों द्वारा एक्सप्लोर किया जाता है। पर घूमने के लिए ये प्लेस कमाल की है। गर्मी की छुट्टियां मनाने के लिए भारत में ये बेस्ट जगहों में से एक है। यहां आपको हर तरफ मिलेगा - बौद्ध मठ, खूबसूरत व्यू पॉइंट और मंदिर, जो दुनिया भर से सैलानियों को अपनी तरफ खींचते हैं।

### दार्जिलिंग में करने के लिए चीजें

संदकफू ट्रैक
रोपवे की सैर
पार्कों की सैर
मठों की सैर






# मनमोहन सिंह समेत 54 सांसद हो रहे रिटायर

## इनमें नौ केंद्रीय मंत्री भी शामिल, सिर्फ दो की होगी वापसी

**जालंधर (जतिन चौहान) :** लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान के बाद से ही राजनीतिक दल निर्वाचन क्षेत्रों में ताबड़तोड़ रैली कर रही है। इस बीच, संसद के उच्च सदन राज्यसभा से कई सदस्य सेवानिवृत्त होने वाले हैं, जिनमें से कुछ दोबारा इस सदन में नहीं लौटेंगे। मंगलवार को 49 राज्यसभा के सदस्य सेवानिवृत्त हुए हैं।

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह राज्यसभा से होंगे सेवानिवृत्त

राज्यसभा से 3 अप्रैल को रिटायर होने वाले सांसदों में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह भी शामिल हैं। गौरतलब है कि उन्हें अर्थव्यवस्था में कई सुधारों की शुरुआत करने के लिए जाने जाते हैं। अक्तूबर 1991 में पहली बार राज्यसभा के सदस्य बने थे। वह 1991 से 1996 तक नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री और 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री भी रहे थे।

### ये सात केंद्रीय मंत्री भी हो रहे राज्यसभा से रिटायर

वहीं सात केंद्रीय मंत्री जो राज्यसभा से मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं,



उनमें शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर, विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे और सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन हैं। वहीं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का कार्यकाल बुधवार को समाप्त हो जाएगा। खास बात है कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुरुगन को छोड़कर बाकी सभी केंद्रीय मंत्री लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

**राज्यसभा से 49 सदस्य हुए सेवानिवृत्त :** बता दें मंगलवार को 49 राज्यसभा के सदस्य सेवानिवृत्त हुए, जबकि पांच बुधवार यानि 3 अप्रैल को रिटायर होंगे। उच्च सदन से सेवानिवृत्त होने वालों में समाजवादी पार्टी की जया बच्चन भी शामिल हैं, जिन्हें उनकी पार्टी ने एक और कार्यकाल के लिए राज्यसभा के लिए फिर से नामित किया है। कांग्रेस पार्टी के अभिषेक सिंघवी, जिनका राज्यसभा में कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है, उच्च सदन में नहीं होंगे क्योंकि वह हिमाचल प्रदेश से अपना चुनाव हार गए हैं।

### अनिल बलूनी भी हुए सेवानिवृत्त, गढ़वाल सीट से चुनावी मैदान में

सेवानिवृत्त होने वाले अन्य लोगों में भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी भी शामिल हैं, जो उत्तराखंड की गढ़वाल सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा, भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी भी राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं और उन्हें पार्टी ने दोबारा नामांकित नहीं किया है।


भाजपा के अनिल जैन भी मंगलवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं क्योंकि उन्हें पार्टी ने दूसरा कार्यकाल नहीं दिया है और इसी तरह छत्तीसगढ़ से सरोज पांडे भी हैं, जो राज्य में लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं।

# एसजीपीसी चुनाव के लिए वोटर सूची तैयार करने पर रोक की मांग, हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

**जालंधर (सूरभि शर्मा) :** शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के लिए वोटर सूची तैयार करने की 4 अक्तूबर 2023 की अधिसूचना रद्द कर दी गई थी। इस सूची के माध्यम से चुनाव पर रोक लगाने की मांग को लेकर दाखिल अर्जी पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। सहजधारी सिखों के मताधिकार को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा सिख गुरुद्वारा एक्ट में 2016 में किए गए संशोधन को चुनौती देने वाली याचिका पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में विचाराधीन है। इस याचिका में अर्जी दाखिल करते हुए सहजधारी सिख पार्टी ने हाईकोर्ट को बताया कि उन्होंने 2017 में याचिका दाखिल करते हुए केंद्र सरकार द्वारा किए गए संशोधन को चुनौती दी थी।

### कोरोना के चलते नहीं हो पाई सुनवाई

सितंबर 2019 में हाईकोर्ट ने एसजीपीसी को चार सप्ताह के भीतर इस मामले में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया था। इसके बाद कोरोना के कहर के चलते इस याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी। याची ने बताया कि संशोधन के चलते 70 लाख से अधिक सहजधारी सिख एसजीपीसी चुनाव में वोट के अधिकार से वंचित रह जाएंगे। 1925 में सिख गुरुद्वारा एक्ट बनाया गया था और 1944 में एक्ट में संशोधन कर इसमें सहजधारी सिख शब्द जोड़ा गया।




### सहजधारी सिखों को मताधिकार से कर दिया गया वंचित

याची ने बताया कि राजनीतिक कारणों से 2003 में नोटिफिकेशन जारी कर सहजधारी सिखों को एसजीपीसी के बोर्ड और कमेटी के चुनाव में मताधिकार से वंचित कर दिया गया। याची ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की 2003 की अधिसूचना को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया था। इसके बाद 2016 में केंद्र सरकार ने गुरुद्वारा एक्ट में संशोधन कर एक बार फिर से सहजधारी सिखों को मताधिकार से फिर वंचित कर दिया।

### 70 लाख सहजधारी सिख वोट से रह गए थे वंचित

अर्जी में याची ने बताया कि इस संशोधन को चुनौती देने वाली याचिका लंबित होने के बावजूद 23 अक्तूबर 2023 को अधिसूचना जारी कर वोटर सूची तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया। याची ने कहा कि यदि इस वोटर सूची से चुनाव होता है तो 70 लाख सहजधारी सिख वोट के अधिकार से वंचित रह जाएंगे।

ऐसे में वोटर सूची बनाने और इसके अनुसार चुनाव करवाने पर रोक की मांग की गई है। साथ ही यदि वोटर सूची तैयार होती है और इससे चुनाव होता है तो उनकी याचिका पर आने वाले फैसले पर चुनाव का परिणाम निर्भर करने का आदेश दिया जाए।

# केजरीवाल अंदर, संजय सिंह अब बाहर, सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत, राजनीतिक गतिविधियों में ले सकेंगे हिस्सा

**जालंधर (दीपांशु चोपड़ा) :** ऐसे वक्त में जब अरविंद केजरीवाल ईडी की हिरासत में हैं। आम आदमी पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान एक बड़ी राहत मिल गई है। शराब नीति मामले में आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को जमानत मिल गई है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है कि उनमें ये पहली जमानत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 6 महीने से ज्यादा कस्टडी में रखा गया। पर्याप्त सबूत उनके खिलाफ नहीं है। ईडी ने कहा कि जमानत पर हमें कोई ऐतराज नहीं है।



कोर्ट ने कहा कि जमानत की शर्तें निचली अदालत से तय होंगी। संजय सिंह की देर शाम या कल सुबह तक रिहाई संभव बताई जा रही है। आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह, जिन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले अक्टूबर में दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। हालांकि, अदालत ने कहा कि जमानत को मिसाल नहीं माना जा सकता, जबकि जांच एजेंसी ने कहा कि उसे सिंह को जमानत देने पर कोई आपत्ति नहीं है।

